समाचार

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री स्थित एस.एल. आर.एम.सेंटर का किया निरीक्षण

कोरबा 28 नवम्बर 2024 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा है कि शहर की स्वच्छता एवं साफ–सफाई कार्यो के प्रति उदासीनता क्षम्य नहीं होगी, अतः सफाई व्यवस्था में सुधार लाते हुए पूरी सजगता के साथ स्वच्छता कार्यो का संपादन कराएं, समय पर सफाई कार्य हों, सफाई के दौरान संग्रहित कचरे का त्वरित उठाव, परिवहन व उचित प्रबंधन हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नर व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया। उन्होने शहर के विभिन्न स्थानों में साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए बेहतर साफ–सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने दर्रीखार स्थित एस.एल. आर.एम. सेंटर (मणिकंचन केन्द्र) सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि साफ–सफाई कार्यो में लापरवाही न बरती जाए, निर्धारित प्रतिमानों के अनुरूप स्वच्छता कार्य हों, संग्रहित कचरे का तुरंत उठाव किया जाए, स्थल पर ज्यादा समय तक कचरा पड़ा न रहे, यह सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मेरे द्वारा निरंतर शहर का दौरा कर शहर की सफाई पर विशेष नजर रखी जाएगी, अतः सजग रहे, सतर्क रहे तथा सफाई कार्यो का संपादन पूरी तत्परता के साथ कराएं।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने दर्री जोन स्थित वार्ड क्र. 52 दर्रीखार एस.एल.आर.एम.सेंटर (मणिकंचन केन्द्र) का निरीक्षण किया, इस अवसर पर स्वच्छता दीदियों ने आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय का पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। सेंटर के सम्पूर्ण परिसर, गार्डन, मशरूम, सब्जियों की खेती आदि का निरीक्षण किया। सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों से चर्चा की, सेंटर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, कचरे के पृथकीकरण व

अपशिष्ट के प्रबंधन संबंधी कार्यो का जायजा लिया तथा बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता दीदियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण के दौरान लोगों से यह आग्रह करें कि वे अपने घरों में सूखा व गीला कचरे के लिए पृथक–पृथक डस्टबिन रखें तथा सूखा व गीला कचरा अलग–अलग ही रिक्शे में दें ताकि कचरे का स्त्रोत पृथकीकरण सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने एस.एल.आर.एम.सेंटर में पानी, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, व्यवस्थाओं को तत्काल दुरूस्त करने एवं स्वच्छता दीदियों को कार्य के दौरान निर्धारित ड्रेस पहनने, मास्क, ग्लब्स, मोजे व अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण का उपयोग किए जाने के निर्देश भी दिए।

डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को बेहतर करें– आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को बेहतर स्वरूप में संपादित कराएं, कार्य को और अधिक विस्तार दें तथा यह सुनिश्चित करें कि शत प्रतिशत घरों से कचरा संग्रहित हों। उन्होने कहा कि घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों से निकलने वाला सूखा एवं गीला कचरा पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित हों तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण के दौरान गीले व सूखे कचरे को पृथक–पृथक रूप से स्वच्छता वाहन या रिक्शे में दिया जाए, इस हेतु आमलोगों को समझाईश दें, उन्हें इस हेतु प्रेरित व जागरूक करें।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, रवि बजाज, शैलेन्द्र नामदेव, ढेलुराम देवांगन, पी.आई.यू. धनमोहन, स्वच्छता दीदियॉ आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।